>

Title: Regarding drinking water problem in Dausa Parliamentary Constituency, Rajasthan.

श्रीमती जसकौर मीना (दौसा): मेरे संसदीय क्षेत्र के जिला मुख्यालय दौसा को पेयजल व्यवस्था वीसलपुर परियोजना द्वारा उपलब्ध कराई जाती है । इस व्यवस्था से चौथाई जलापूर्ति भी सम्भव नहीं है । उसमें भी मार्ग के गांवों में व्यवस्थित सप्लाई नहीं हो रही है । रास्ते में रिसाव व पाइप के टूटने से और भी संकट गहरा . गया है ।

मेरा अनुरोध है कि दौसा जिला मुख्यालय के लिये पृथक से पाइप लाइन डलवा दिया जाये ताकि पेयजल संकट से मुक्ति मिल सके । गांवों की व्यवस्था वर्तमान पाइपलाइन से जोड़ी जाये । यह सम्पूर्ण क्षेत्र फ्लोराइड से प्रभावित है, इसके निदान की शीघ्र व्यवस्था की जाये । महिलाओं को पेयजल के लिये मीलों दूर जाकर भी पेयजल लाना पड़ता है । इस कष्ट से गरीब लोग पलायन भी कर रहे हैं । आपसे अनुरोध है कि सरकार इस ओर विशेष व शीघ्र लाभकारी कदम उठाकर राहत दे ।